<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राजभवन में रोजा इफ्तार का आयोजन

लखनऊः 10 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक की ओर से आज राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी, गोवा की राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा, मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी एवं श्री मुलायम सिंह यादव, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री अहमद हसन, श्री अम्बिका चैधरी, श्री राजेन्द्र चैधरी, श्री मनोज कुमार पाण्डेय, सांसद प्रमोद तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के विधान मण्डल दल के नेता श्री सुरेश खन्ना, पूर्व मंत्री श्री नरेश चन्द्र, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, सूचना आयुक्त स्वदेश कुमार व हाफिज उस्मान, पूर्व सांसद लालजी टण्डन, डाॅ0 अम्मार रिजवी, जफर अली नकवी, पुलिस महानिदेशक जगमोहन यादव, अध्यक्ष सुन्नी बोर्ड आफ इण्डिया मो0 शहाबुद्दीन, भाजपा प्रवक्ता श्री विजय बहादुर पाठक, मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुर रहमान, मौलाना यासूब अब्बास, महंत दिव्या गिरी, अध्यक्ष गुरूद्वारा नाका श्री राजेन्द्र सिंह बग्घा, प्रिंसिपल शिया पी0जी0 कालेज मुसय्यद नकवी, गीता क्वीज प्रतियोगिता की विजेता मरिय्म सिद्दीकी व अन्य समुदाय के धर्मगुरूओं, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुस्लिम अनाथालय के बच्चों को राज्यपाल ने विशेष रूप से राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रि भोज हेतु आमंत्रित किया था।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सुन्नीयों की नमाजे-जमात पढ़ाई तथा मौलाना कल्बे जव्वाद ने शियों की नमाजे जमात पढ़ाई। राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा रमजान का पाक महीना हमें प्रेम व सद्भाव की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी सम्प्रदायों के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं यहीं हमारी संस्कृति है।